# भगवान राम के आदर्श हमें प्रेरणा देते हैं : राजेन्द्र राठौड़

## शेखावाटी में हुए धार्मिक अनुष्ठान, मंदिरों में रामधुन सुनाई दी

**चूरू, (कासं.)।** पांच सौ वर्ष के इंतजार के बाद भगवान रामलला के अयोध्या स्थित भव्य मदिर में विराजमान होने के साथ ही शेखावाटी में राम लहर दिखाई दी। यहां मंदिरों में धार्मिक आयोजन हुए, जिसमें हनुमान चालिसा व सुन्दरकांड पाठ भक्तों द्वारा किया गया। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी चूरू नगर मण्डल द्वारा सफेद घंटाघर पर भगवान राम को भक्तिभाव के साथ याद किया गया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा आदि ने हनुमान चालिसा का पाठ किया। साथ ही अयोध्या में भगवान राम के मन्दिर निर्माण हेतु हुई कार सेवा में जाने वाले कारसेवकों का शाल ओढाकर, प्रशस्ति पत्र देकर व माला पहनाकर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि यह हम सब भारतवासियों के लिए गौरव का क्षण है कि 500 वर्ष के इंतजार व हजारों लोगों के बलिदान के बाद हमें यह दिन देखने को मिल रहा है। राठौड़ ने कहा कि आज भारत ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व के लोगों में जो उत्साह दिखाई दे रहा है, उससे लगता है कि देश में रामराज्य की स्थापना हो चुकी है। राठौड़ ने कहा कि भगवान राम के आदर्श हमें प्रेरणा देते हैं। उन्हीं की प्रेरणा से हम सब कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा में लगे हुए हैं। उन्होंने कारसेवकों का सम्मान करते हुए कहा कि आप सबके त्याग और बलिदान का ही परिणाम है कि आज यह दिन हमें देखने को मिल रहा है, आप सब पर हमें गर्व है। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि भारत की संस्कृति में धर्म और कर्म दोनों का महत्व है। सहारण ने कहा कि हम सब भारतवासियों के प्रमुख आराध्य देव भगवान राम हैं। जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।



अयोध्या में राम मन्दिर निर्माण हेतु हुई कार सेवा में जाने वाले कार सेवकों का चूरू में अभिनंदन किया।

■ कारसेवकों का शाल ओढाकर, प्रशस्ति पत्र देकर व माला पहनाकर अभिनंदन किया

नगर मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत ने आगन्तुकों का स्वागत किया। मण्डल अध्यक्ष दीनदयाल सैनी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ध्याननाथ महाराज, पूर्व सभापति विजय शर्मा, प्रधान दीपचन्द राहड़, जिला महामंत्री भास्कर शर्मा, हेमसिंह शेखावत, अभिषेक चोटिया, पदमसिंह राठौड़, विक्रम कोटवाद, नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, सुशील लाटा, योगिता प्रजापत, दिनेश शर्मा, विजय बावलिया, रवि दाधीच, पंडित बनवारीलाल शर्मा, मांगीलाल दर्जी, दिवाकर सहल, रामस्वरूप कटारिया, गोगराज सैनी, विनोद सैनी, मुकेश प्रजापत, गोपाल बालाण, ब्रहम्मानंद राजोतिया, राजीव शर्मा, सीपी खत्री सीपी शर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रभा धंधावत, सोशल मीडिया जिला संयोजक रमेश शर्मा, विष्णु सोनी, पवन सरावगी, कपील रक्षक, हरिप्रसाद शर्मा, दयाल सिंह निर्बाण, सुनील ढाका, पवन चांवरिया, प्रकाश नायक, सुनिता प्रजापत, अरूण शर्मा, सोहन सहारण, बंशी बाल्मिकी, धर्मेन्द्र राकसिया, महावीर आसेरी, मोतीलाल सोनी, रजत शर्मा, लक्ष्मीनारायण सैन, मनोज तंवर आदि उपस्थित रहे।

# आज भारत के सौभाग्य और स्वाभिमान का दिन : शेखावत



केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का कार्यक्रम में स्वागत किया।

**जोधपुर, (कासं)।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार प्रातः छह बजे जोधपुर भदवासिया सब्जी मंडी में भव्य आतिशबाजी हुई। हजारों लोगों की उपस्थिति में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जय श्रीराम के उद्घोष के बीच कहा कि आज भारत के सौभाग्य और स्वाभिमान का दिन है। आज रामराज की स्थापना दिन का है। आज हम संकल्प लें कि अपना देश विकसित हो। अपने देश में राम का आदर्श स्थापित हो।

शेखावत ने कहा कि आज का दिन लाखों लोगों का प्रण पूरा होने का दिन है। हजार साल के इतिहास में हिंदुस्तान पर ढेरों आक्रमण हुए। हजारों बार हिंदुस्तान की संस्कृति और धर्म को नष्ट करने की कोशिश की गई। लाख लोग, जो राम मंदिर के लिए घरों से निकले, आज उन सबका प्रण पूरा होने का दिन है। उन हजारों-हजार लोगों का दिन है, जिन्होंने भरी जवानी में प्रण लिया कि भगवान राम का मंदिर बनेगा। आज का दिन उन लाखों माताओं और बहनों के संकल्प का दिन है, जिन्होंने अपनी राखी रामजी के मंदिर में समर्पित होने के लिए भेज दी। उन लाखों माताओं और बहनों का दिन है, जिन्होंने माथे पर टीका लगाकर अपने सुहाग को कुर्बान होने के वास्ते भेज दिया। आज हजारों कार्यकर्ताओं और कार सेवकों का दिन है। जेठाराम परिहार, राम शरद कोठारी और महेंद्र नाथ अरोड़ाजी का दिन है। सबका बलिदान आज फलीभूत हुआ है।

# 70 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त, दो गिरफ्तार

## बंद बॉडी ट्रक कटेंनर में 600 कार्टन में पंजाब निर्मित शराब मिली

**चूरू, (कासं)।** दूधवाखारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बंद बॉडी ट्रक कटेंनर में 70 लाख रुपए की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त करके दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार नूनावत आई.पी.एस ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस सीकर रेंज सीकर द्वारा रेंज स्तरीय अवैध शराब व मादक पदार्थ की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चूरू नरेश शर्मा आरपीएस व वृताधिकारी वृत चूरू जयप्रकाश अटल के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना दूधवाखारा अल्का बिश्नोई उ.नि. के नेतृत्व में पुलिस थाना दूधवाखारा की गठित टीम द्वारा नाकाबंदी के दौरान एक बंद बॉडी ट्रक कटेंनर से खेमाराम पुत्र नवलाराम मेघवाल निवासी धनाउ पुलिस थाना धनाउ जिला बाड़मेर और अमुलख पुत्र नवलाराम मेघवाल निवासी धनाउ पुलिस थाना धनाउ जिला बाड़मेर के कब्जे से 600 कार्टन अवैध अंग्रेजी शराब पंजाब निर्मित जब्त करके दोनों को दबोच लिया। आरोपियों द्वारा प्रथमदृष्टया उक्त शराब लुधियाना पंजाब से जुनागढ़ गुजरात ले जाया जाना बताया गया है। जब्तशुदा शराब व बंद बॉडी ट्रक कटेंनर की अनुमानित कीमत करीब 70 लाख रुपए आंकी गई है।

■ लुधियाना पंजाब से जुनागढ़ गुजरात ले जाई जा रही थी अवैध शराब

पिछले वर्ष 2023 में भी पुलिस थाना दूधवाखारा टीम द्वारा अवैध शराब की तस्करी की रोकथाम हेतु पजांब व हरियाणा राज्यों से ट्रकों में भरकर गुजरात ले जाई जा रही शराब के कुल 2873 कार्टन जब्त किये जाकर 5 बड़े व 2 छोटे वाहन सहित कुल 7 वाहन जब्त कर 8 मुलजिमानों को गिरफ्तार कर 8 अभियोग आबकारी अधिनियम में दर्ज किये गये थे। वर्ष 2024 में अब तक अवैध शराब पंजाब निर्मित के कुल 1000 कार्टन जब्त किये जाकर 2 बड़े वाहन जब्त कर 4 मुलजिमानों को गिरफ्तार कर 2 अभियोग आबकारी अधिनियम में दर्ज किये जा चुके हैं। इस कार्यवाही में अल्का विश्नोई उनि. की टीम में हैड कानि. जगदीश प्रसाद, कानि. जयप्रकाश, संजय, धर्मपाल व सुरेन्द्र शामिल रहे।

## रेलकर्मी की तत्परता से यात्री की जान बची

**कोटा, (निसं)।** रेलकर्मी अपनी ड्यूटी के साथ कई सामाजिक मदद, यात्री की सहायता, खोये सामान को वापस दिलाने जैसे सराहनीय कार्य कर रेलवे की सकारात्मक छवि बनाये रखने महवपूर्ण भूमिका निभाते है। इसी प्रकार के एक सराहनीय कार्य का सीसीटीवी फुटेज सामने आया जिसमें गाड़ी संख्या 22981 कोटा-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस 19 जनवरी को शाम 5.20 बजे छूटने के दौरान एक मिलिट्री वर्दी पहने यात्री जल्दी में चलती ट्रेन के बी-4 के वातानुकूलित ट्री टीयर कोच में चढ़ने के दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण पायदान पर प्लेट्फ़ॉर्म से घिसत रहा था जिस पर स्टेशन पर तैनात आन ड्यूटी उप स्टेशन अधीक्षक वाणिज्य पी एन गुप्ता की नजर पड़ी स्टेशन पर तैनात रेलकर्मी ने तत्परता से घसीट रहे यात्री को सुरक्षित प्लेटफॉर्म पर खींच लिया। जिससे एक अनहोनी घटना होने से बच गई। अन्यथा यात्री बुरी तरह से जख्मी या यात्री की जान जोखिम हो सकती थी।

# प्लास्टिक पाइप बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग

## फैक्ट्री में रहने वाले करीब ग्यारह मजदूरों ने बाहर निकलकर पुलिस एवं मालिक को सूचना दी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में स्थित प्लास्टिक पाईप बनाने वाली फैक्ट्री में आग लग गई। इसकी सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड की आठ गाड़ियों ने मौके पर पहुंच आग पर काबू किया। आग से पूरा माल जलकर नष्ट हो गया तथा किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार रात में हिरणमगरी थाना क्षेत्र रोड़ नं. 12 पर स्थित प्लास्टिक पाईप बनाने वाली फैक्ट्री चिनार इण्डस्ट्रीज में अचानक आग लग गई। इसका पता चलते ही फैक्ट्री में रहने वाले करीब ग्यारह मजदूरों ने बाहर निकल कर पुलिस एवं मालिक को सूचना दी। इस पर हिरणमगरी थानाधिकारी दर्शनसिंह के निर्देश पर एएसआई दिनेशसिंह, रिको चौकी प्रभारी राजेन्द्रसिंह मय जाप्ता ने मौके पर पहुंचे। जहां निगम, हिंदुस्तान जिंक, एवं नारायण सेवा संस्थान की आठ दमकल की गाड़ियों ने करीब 25 चक्कर कर डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

■ आग लगने से लाखों का सामान जला, कोई जनहानि नहीं हुई

■ आठ दमकल गाड़ियों ने करीब 25 चक्कर कर डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

जब तक फैक्ट्री में रखा पूरा माल जलकर नष्ट हो गया। आग लगने के बाद विकराल रूप धारण कर लिया। जिसके चलते बाहर रखे माल ने भी आग पकड़ ली थी। इसकी सूचना मिलने पर फैक्ट्री मालिक हिरणमगरी सेक्टर 4 निवासी उमेश गर्ग भी वहां पहुंचे। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। आग से प्लास्टिक पिघल कर पानी की तरफ फैक्ट्री में फैल गया। जिससे बाहर रखे माल में भी आग लग गई और आग ने विकराल रूप ले लिया।

# गुलाबचंद कटारिया ने उदयपुर में नीमज माता रोप-वे का शुभारंभ किया

## लेकसिटी में यह दूसरा रोप-वे, फतहसागर झील के नैसर्गिक सौन्दर्य को ऊंचाई से निहार सकेंगे

**उदयपुर, (कासं)।** फतहसागर झील के किनारे स्थित नीमज माता रोप-वे का शुभारंभ सोमवार को असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने किया। उक्त रोप-वे के संचालन से पर्यटकों के साथ-साथ बुजुर्गजन को भी मदिर दर्शन में सुविधा मिलेगी। इस रोप-वे से पर्यटक व शहरवासी तीन मिनट में नीमच माता पहुंच सकेंगे। वहीं रोप-वे ट्रोली का एक मिनट के लिए बीच में ठहराव रहेगा जहां से लोग फतहसागर झील के नैसर्गिक सौन्दर्य को देख सकेंगे।

फतहसागर पाल के देवाली छोर पर आयोजित लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए असम के राज्यपाल कटारिया ने कहा कि प्रकृति ने मेवाड़ को दो-दो हाथों से सौगातें दी है, तो हमारे पूर्वजों ने गौरवशाली इतिहास दिया है। हम सभी का दायित्व है कि उदयपुर आने वाला पर्यटक केवल यहां की झीलें और प्राकृतिक सौंदर्य तक सीमित नहीं रहे, वह महाराणा प्रताप के स्वाभिमान, पन्नाधाय के बलिदान, चेतक की स्वामी भक्ति के गौरवशाली इतिहास से भी जुड़े। उन्होंने आयड़ नदी के सौंदर्यीकरण, देवास परियोजना के तृतीय और चतुर्थ चरण के कार्यों को भी गंभीरता से आगे बढ़ ाने की बात कही, ताकि आने वाले समय में उदयपुर में पानी की समस्या नहीं रहे। प्रारंभ में रोप-वे संचालक फर्म दामोदर रोप पे इंफ्रा लिमिटेट के तकनीकी निदेशक श्रवण अग्रवाल, जीडी पोद्दार, संस्कृति सहित अन्य ने राज्यपाल कटारिया, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल, महापौर गोविन्द टांक, उपमहापौर पारस सिंघवी, पूर्व यूआईटी अध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली, संभागीय मुख्य वन संरक्षक आरके सिंह, मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) आरके जैन आदि का अभिनंदन किया।



असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने नीमज माता रोप-वे के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित किया।

■ रोप-वे के संचालन से पर्यटकों के साथ-साथ बुजुर्गजन को भी मदिर दर्शन में सुविधा मिलेगी

जिला कलेक्टर पोसवाल ने स्वागत उद्बोधन देते हुए बताया कि कटारिया की पहल पर वर्ष 2016 में रोप-वे की कार्ययोजना बनी थी। वर्ष 2018 में यूआईटी और दामोदर रोपवेज एण्ड इफा लिमिटेड के बीच एमओयू हुआ। अप्रेल 2022 में इसका कार्य प्रारंभ हुआ। तकरीबन 13.5 करोड़ की लागत से तैयार इस रोप-वे की क्षेतिज लंबाई 429.419 मीटर है। समारोह को विधायक ताराचंद जैन, फूलसिंह मीणा तथा महापौर गोविन्दसिंह टांक ने भी संबोधित किया। आभार युडीए सचिव राजेश जोशी ने व्यक्त किया। संचालन राजेंद्र सेन ने किया। इस अवसर पर दामोदर रोप वे इंफ्रा लिमिटेड के अभिषेक चमरिया, यश झुनझुनवाला, यूडीए के बीएल कोठारी आदि उपस्थित रहे।

## डेढ़ साल से फरार हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**बीकानेर, (निसं)।** यहां के गांव हिम्मटसर में करीब डेढ़ साल पहले रात्रि के समय अपनी ढाणी में सो रहे रामेश्वर बिश्नोई की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी भरतपुर के सुखासीला बंध बारेठा निवासी राहुल शर्मा उर्फ मोहित पंडित ने रामेश्वर बिश्नोई की हत्या करने के लिए अपने साथियों के साथ मिलकर छह लाख की सुपारी ली थी। 9 मई 2022 वह साथियों के साथ गाड़ी में सवार होकर हिम्मटसर आया और रैकी कर 10 मई की तड़के 3 से 4 बजे के बीच ढाणी में बाहर चारपाई पर सो रहे रामेश्वर बिश्नोई की गोली मारकर हत्या कर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में पूर्व में पांच आरोपियों को अरेस्ट कर जेल भिजवा दिया था, लेकिन शातिर राहुल शर्मा करीब डेढ़ साल से फरार चल रहा था। उसे पकडने के लिए पुलिस ने कई बार उसके संभावित ठिकानों पर दबिश भी दी, लेकिन वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ ा। उसे पकडने के लिए पांच हजार का इनाम भी घोषित किया गया। एएसआई सौभाग्य सिंह की टीम ने उसे डिटेन कर उसके ठिकाने का पता लगाकर दबिश देकर अरेस्ट कर लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

# रामलला की मूर्ति स्थापित होने की खुशी में घरों में दीप जलाये

**हनुमानगढ़, (निसं)।** अयोध्या में सोमवार को रामलला के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश-विदेश में लोग खुशी मना रहे हैं। हनुमानगढ़ जिले में इसे लेकर लोग उत्साहित हो रहे हैं। पूरा शहर भगवामय हो रहा है। भगवे रंग की चादर से प्रमुख बाजारों को सजाया गया है। हर तरफ श्रीराम के जयकारे लग रहे हैं। विभिन्न समाजों के प्रमुख लोगों ने इस दिन को दीपावली की तरह मनाने का निर्णय लिया है।

जंक्शन के सेक्टर छह स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित टॉक शो में विभिन्न समाज के पदाधिकारियों ने लोगों से अपने घरों में विशेष दीपमाला सजाने का आग्रह किया। रामायण व सुंदरकांड पाठ के जरिए राम आगमन की खुशियां मनाने की बात कही। वक्ताओं ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम मानवता के मसीहा थे। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा से युवा वर्ग को श्रीराम के आदर्श को जानने का अवसर मिलेगा। समाजसेवी सुमन चावला ने कहा कि राम हम सबके रोम-रोम में बसे हैं। ऐसे में उनके जन्म स्थान पर उनकी मूर्ति की स्थापना से हर तरफ खुशनुमा माहौल बना हुआ है। उन्होंने बताया कि जंक्शन में अबोहर मार्ग पर स्थित गोविंद धाम गोशाला में महा आरती होगी। इसके अलावा 11000 दीपों की माला सजाई जाएगी। इसी तरह टाउन क्षेत्र में भी प्रमुख गोशालाओं व मंदिरों में दीपमाला सजाने का कार्यक्रम होगा। जगह-जगह सुंदरकांड व रामायण पाठ होंगे।

इस दौरान भंडारा भी लगाया जाएगा। अयोध्या में श्रीराम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी एलईडी पर किया जाएगा। यह व्यवस्था लगभग सभी प्रमुख स्थानों पर की गई है। ताकि आमजन श्रीराम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को ऑनलाइन तरीके से देख सके। कार्यक्रम के दौरान एक वक्ता ने कहा कि मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के बाद हनुमानगढ़ से अयोध्या धाम के लिए विशेष ट्रेन चलाने की मांग भी सरकार के समक्ष रखी गई है। आने वाले महीने में इस संबंध में सुखद संकेत मिलने की संभावना है। वहीं सोमवार को होने वाले आयोजनों में अध्योध्या कार सेवकों का सम्मान भी किया जाएगा।

जंक्शन के सैक्टर नंबर छह स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित पत्रिका टॉक शो में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। इसमें भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र पारीक, सर्व ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद शर्मा, पार्षद मुकेश भार्गव, समाजसेवी सुमन चावला, नीलकंठ महादेव सेवा समिति के अश्वनी नारंग आदि मौजूद रहे।

# उत्तर मैट्रिक छात्रवृति की अंतिम तिथि अब 31 जनवरी

## पेपरलेस ऑनलाइन आवेदन 31 जनवरी तक किया जा सकता है

**बीकानेर, (निसं)।** शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति में पेपरलेस ऑनलाइन आवेदन अब 31 जनवरी तक किया जा सकता है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पंवार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में राजस्थान के मूल निवासियों के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विशेष समूह योजना पूर्व में विशेष पिछड़ा वर्ग अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु, मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं में राज्य की राजकीय एवं निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं एवं राज्य के बाहर की राजकीय राष्ट्रीय स्तर की मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में प्रवेशित या अध्ययनरत शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों द्वारा वेबसाईट अथवा एसएसओ पोर्टल पर अथवा मोबाईल ऐप के माध्यम से 31 जनवरी तक ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है।

■ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पंवार ने जानकारी दी

पंवार ने बताया कि उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थियों द्वारा आनलाईन आवेदन व शिक्षण संस्थानों द्वारा नवीन पंजीयनए पूर्व में पंजीकृत की मान्यता एवं पाठ्यक्रमवार फीस स्ट्रक्चर अपडेट करने के लिए भी अतिम तिथि 31 जनवरी 2024 निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र भरने से पूर्व संबंधित विद्यार्थी को जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आय घोषणा पत्र एवं अन्य आवश्यक जानकारियां जनाधार पोर्टल पर अपडेट करवानी होगी। योजना से संबधित नियम व दिशा-निर्देश विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालयों को संबंधित विश्वविद्यालय से शैक्षणिक सत्र 2023-24 की मान्यता या सम्बद्धता एवं पाठ्यक्रम संचालन की अनुमति भी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अथवा अपडेशन निर्धारित अवधि में अवश्य करवानी होगी। जिससे छात्रवृत्ति पोर्टल पर विद्यार्थियों के शिक्षण संस्थाओं का नाम प्रदर्शित हो सकेगा।

## एक दर्जन से अधिक मोरों की मौत

**बीकानेर, (निसं)।** जिले के सेरुणा पुलिस थानान्तर्गत माणकरासर गांव में एक के बाद एक कर एक दर्जन राष्ट्रीय पक्षी मोरों की मौत होने का मामला सामने आया है। इससे ग्रामीण हैरान व परेशान है। ग्रामीणों ने इसकी इत्तला वन विभाग को दी है। एक साथ इतने मोरों की मौत के बाद बीकानेर व श्रीडूंगरगढ़ से वन विभाग की टीमें मौके पर पहुंची। दो दर्जन मोरों की मौत की सूचना है। उधर तड़प रहे मोरों का इलाज शुरू कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि गांव व गांव के आसपास अभी भी मृत अवस्था में मोर मिल रहे हैं। ऐसे में मरने वाले मोरों की संख्या और बढ़ सकती है। प्रशासनिक अश्धिकारियों के साथ-साथ जीवदया प्रेमी तथा आपणो गांव सेवा समिति के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे। प्रथम दृष्टया में मोरों की मौत का कारण जहरीला दाना बताया जा रहा है।

# दिनदहाड़े घर से तीन साल के मासूम का अपहरण

## बच्चे को ले जाते देखकर मकान मालिक ने शोर किया, अपहरणकर्ता फरार हो गए

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** शहर में मुखर्जी नगर में सोमवार सुबह करीब 9.30 बजे एक व्यक्ति मकान के बेडरूम में घुसकर तीन साल के मासूम का अपहरण कर ले गया। इस दौरान एक व्यक्ति बाहर गली में रैकी करता रहा। बच्चे को ले जाते देखकर मकान मालिक ने शोर किया और उनके पीछे भाग लेकिन अपहरणकर्ता बच्चे को लेकर फरार हो गए।

इस मामले की सूचना पर पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। सूचना पर इलाके में नाकेबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की गई। पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस इलाके में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने बताया कि मुखर्जी नगर का एक व्यक्ति चंडीगढ में रहता है और उसकी पत्नी व तीन साल का बच्चा यहां एक मकान में किराए पर रह रहे है। सोमवार सुबह बच्चे की मां बाहर गई थी। इसी दौरान गली में दो व्यक्ति आए। इसी दौरान काम वाली आई तो मकान मालिक दूसरा दरवाजा खोलने के लिए गया। तभी छोटे दरवाजे से एक व्यक्ति अंदर घुस गया और कमरे में जाकर बच्चे को उठाकर लेकर भाग निकला। काम वाली महिला व मकान मालिक ने शोर किया और मकान मालिक उनके पीछे भागा लेकिन तब दोनों व्यक्ति बच्चे को लेकर फरार हो गए थे। इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर इलाके में नाकेबंदी कराई गई। सूचना के बाद सीओ सिटी प्रशांत कौशिक, कोतवाल देवेन्द्र सिंह मय जाब्ते के मौके पर पहुंच गए। पुलिस को अंदेशा है कि बच्चे के पिता ने ही यह घटनाक्रम कराया हो।